हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 19 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 29 .6 डिग्री
न्यूनतम 10 .0 डिग्री

11 उपायुक्त ने रेडक्रास सोसायटी के जनकल्याण ..


12 अवैध कब्जे हटाने गई टीम पर पथराव मकान तोड़ने ..


## शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।
- लघुसचिवालय में समाधान शिविर में सुनी जाएंगी समस्याएं।
- रोडवेज डिपो में कर्मचारियों की मीटिंग।

## खबर संक्षेप

### छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती पर आज गतिविधि

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का इतिहास एवं पुरातत्व विभाग 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती के उपलक्ष्य में- ट्रेडिशनल अटायर डे, पोस्टर मेकिंग कंपटीशन, प्रेजेंटेशन, मराठा इतिहास पर फोटो एग्जीबिशन तथा स्टूडेंट मैगजीन लांच इत्यादि गतिविधियों का आयोजन करेगा। इतिहास एवं पुरातत्व विभाग के अध्यक्ष प्रो. जेएस धनखड़ ने बताया कि यह कार्यक्रम विभाग में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा।

### मदवि: 20 को संभाषण प्रतियोगिता

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग के तत्वावधान में 20 फरवरी को वर्ल्ड डे ऑफ सोशल जस्टिस तथा इंडियन कांस्टीट्यूशन @75 के उपलक्ष्य में संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. रणदीप राणा ने बताया कि- इंडियाज ट्रिस्ट विद डेस्टिनी एंड द इंडियन कॉन्स्टिट्यूशन विषय पर आयोजित यह संभाषण प्रतियोगिता स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 20 फरवरी को स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर में प्रातः 9.30 बजे रिपोर्ट करना होगा।

### वाहन पंजीकरण घोटाले में रोहतक का युवक काबू

**रोहतक।** फतेहाबाद के एसडीएम कार्यालय में वाहन पंजीकरण को लेकर हुए घोटाले के मामले में पुलिस ने विजय नगर निवासी रोहताश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मिली जानकारी के अनुसार 5 अप्रैल 2021 को सीएम फ्लाइंग के अधिकारी एसआई राजेश कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि वाहन पंजीकरण अधिकारी फतेहाबाद कार्यालय में फर्जी दस्तावेज तैयार करके अन्य वाहन पंजीकरण अथॉरिटीयों से हरियाणा राज्य की अन्य अथोरिटी की एनओसी को प्रयोग करके अन्य जिलों-राज्यों के लोगों के नाम वाहन पंजीकरण किए जा रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बोर्ड परीक्षाओं के चलते निषेधाज्ञा लागू

**रोहतक।** जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आगामी 4 अप्रैल 2025 तक आयोजित करवाई जा रही सैकेंडरी व सीनियर सैकेंडरी परीक्षाओं को शांतिपूर्ण व नकल रहित संपन्न करवाने के दृष्टिगत निषेधाज्ञा आदेश जारी किए हैं।

### पुरस्कारों के लिए सिफारिश भेजने की तिथि बढ़ाई

**रोहतक।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि लोक प्रशासन में उत्कृष्ठता के लिए प्रधानमंत्री पुरुस्कारों के लिए सिफारिशें भिजवाने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 21 फरवरी 2025 कर दिया गया है। सभी विभागाध्यक्ष इन पुरुस्कारों के लिए निर्धारित शर्तों या मापदंड पूरे करने वालों की सिफारिशें भिजवाएं। यह पुरुस्कार तीन श्रेणियों में प्रदान किए जाएंगे। प्रथम श्रेणी के तहत पांच पुरुस्कार प्रदान किए जाएंगे, जो 11 प्राथमिक सेक्टर कार्यक्रमों के तहत जिलों का संपूर्ण विकास के लिए प्रदान किए जाएंगे।

---

### सोमवार को हुए मुठभेड़ मामले में एएसपी का बड़ा खुलासा

# निगम चुनाव में खलल डालने आए थे बदमाश, निशाने पर थे दो उम्मीदवार

**तीन बदमाश गिरफ्त में**

- बदमाश कई दिनों से कर रहे थे उम्मीदवारों की रेकी
- गांव खरावड़ के पास सोमवार देर रात मुठभेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव खरावड़ के पास देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई थी। अब इस मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। बदमाश नगर निगम चुनाव में खलल डालने के लिए आए थे। बदमाशों के निशाने पर निगम चुनाव में पार्षद पद का उम्मीदवार व महिला उम्मीदवार का पति था। जो निकटवर्ती गांव के ही रहने वाले हैं। जांच पड़ताल के दौरान पता चला कि दोनों पर हमले की साजिश रची जा रही थी। इसके लिए बदमाश रेकी भी कर रहे थे। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

रोहतक पुलिस के एएसपी वाईवीआर शशि शेखर ने मंगलवार को खुलासा करते हुए पत्रकारों को बताया कि सीआईए-2 की टीम को सूचना मिली थी कि कुछ लोग किसी युवक हत्या की फिराक में घूम रहे हैं। उनकी गाड़ी का नंबर भी मिल गया था। सूचना के आधार पर सीआईए-2 ने गांव खरावड़ के पास आरोपियों की गाड़ी को रोकने का प्रयास किया। आरोपियों ने पुलिस की गाड़ी को टक्कर मार दी, जिसमें दोनों की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। गाड़ी से 3 युवक हथियारों सहित बाहर निकले। युवकों ने पुलिस पर फॉयरिंग करनी शुरु कर दी। फॉयरिंग में दो गोली एसआई सतीश व एक गोली एएसआई दिनेश की बुलेट प्रूफ जैकट में लगी। सीआईए-2 टीम ने युवकों की तरफ हवाई फायर किए व सरेंडर करने को कहा लेकिन तीनों युवक पुलिस टीम की तरफ फायर करते रहे व झाड़ियों की तरफ भागने लगे। पुलिस टीम ने तीनों युवकों पर सेल्फ डिफेंस में फॉयर करते हुए युवकों को काबू किया। युवकों की पहचान संदीप निवासी सिलाना जिला सोनीपत हाल विवेकानंद नगर बहादुरगढ़, नरेश निवासी छोटूराम कॉलोनी रोहतक, अनुराग निवासी प्रीत विहार कॉलोनी रोहतक के रुप में हुई। तीनों आरोपी गोली लगने से घायल हो गए।


**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते एएसपी वाईवीआर शशि शेखर। फोटो : हरिभूमि

#### गाडी चालक की भी हुई पहचान

एएसपी ने बताया कि आरोपी संदीप के हाथ के पास ग्लोक पिस्टल, नरेश के पास से एक पिस्तौल व अनुराग के पास एक रिवाल्वर पड़ा हुआ मिला। गाड़ी में बैठे गाडी चालक की पहचान नितिन निवासी भालौठ जिला रोहतक के रूप में हुई है। पुलिस टीम में सीआईए-2 प्रभारी सतीश कुमार, संत कुमार, जसबीर, दिनेश, विकास, देवेन्द्र व मुख्य सिपाही जितेन्द्र को शामिल किया गया।

#### तीन अवैध हथियार व गाड़ी बरामद

एएसपी ने बताया कि पुलिस द्वारा संदीप, नरेश, अनुराग को उपचार के के लिए पीजीआईएमएस में दाखिल कराया गया। युवकों के खिलाफ पुलिस पर जान से मारने की नियत से गोलियां चलाने, पुलिस कार्य में बाधा पहुंचाने, अवैध हथियारों से गोलियां चलाने आदि की धाराओं के तहत थाना आईएमटी में केस दर्ज किया गया है। तीनों आरोपियो का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। वहीं, खरावड पुलिस चौकी के एसआई सुरेंद्र ने आरोपी नितिन को गिरफ्तार किया है।

#### बदमाशों का आपराधिक रिकार्ड

- आरोपी संदीप के खिलाफ हत्या, धोखाधडी, अवैध शराब व अन्य धाराओं के तहत मामले दर्ज हैं। उस पर जिला रोहतक में 4, हिसार, जिला झज्जर, जिला सोनीपत व अंबाला में मामले दर्ज हैं। वह इन मामलों में गिरफ्तार हो चुका है। आरोपी के खिलाफ बहादुरगढ़ में हत्या का केस दर्ज है। वह हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा से दंडित है।
- आरोपी नरेश के खिलाफ जिला रोहतक में मामले दर्ज है। एनडीपीएस एक्ट, लूट, डैकती आदि धाराओं के तहत मामले दर्ज है।
- आरोपी अनुराग के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास मारपीट आदि धाराओं के तहत जिला रोहतक व राजस्थान में मामला दर्ज है।

#### एसपी से सुरक्षा की मांग

बदमाशों के निशाने पर आए पार्षद पद के उम्मीदवार ने एसपी से सुरक्षा की मांग की है। उम्मीदवार ने कहा है कि नगर निगम चुनाव नजदीक है, उन्हें दिन रात लोगों के बीच जनसंपर्क करना पड़ता है। इसलिए प्रशासन से सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। वे जल्द ही एसपी से मुलाकात करेंगे।

---

### आज दोपहर 3 बजे तक वापस ले सकते हैं नाम

# नगर निगम चुनाव: नामांकनों की छंटनी में 4 प्रत्याशियों के फार्म रद

- मेयर पद पर रामअवतार वाल्मीकि और सूरजमल किलोई में मुकाबला
- 154 ने किया था पार्षद पद के लिए नामांकन, अब 150 मैदान में डटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम चुनाव को लेकर मेयर एवं पार्षदों के नामांकन भरे जा चुके हैं। मंगलवार को नामांकनों की छंटनी की गई। जिसमें चार पार्षदों के फार्म रद कर दिए गए। बुधवार को प्रत्याशी भी अपना नाम वापिस ले सकते हैं। जिसके बाद प्रत्याशी चुनाव चिन्ह का प्रचार करते हु वोट मांग सकते हैं। पार्षद पद के लिए 154 ने नामांकन किया था जिनमें से अब केवल 150 उम्मीदवार बचे हैं। मेयर पद पर पांच ने आवेदन किया था। जिनमें सभी के फार्म सही पाए गए। इसके साथ ही भाजपा प्रत्याशी रामअवतार वाल्मीकि और कांग्रेस के प्रत्याशी सूरजमल किलोई ने जनसंपर्क अभियान शुरू करते हुए गतिविधियां बढ़ा दी हैं। सूरजमल के चुनाव की अगुवाई शहर विधायक बीबी बत्रा कर रहे हैं। जबकि रामअवतार के साथ पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका आदि प्रचार में जुटे हुए हैं।

#### 22 वार्डों में 154 ने किया था नामांकन

22 वार्डों के लिए 154 प्रत्याशियों ने नामांकन भरा था। जिनकी छंटनी की गई। इस दौरान वार्ड 3 से प्रत्याशी मंजू का नामांकन रद किया गया है। उन्होंने फार्म एवं कागजात मजिस्ट्रेट से वेरिफाई नहीं करवाए। वार्ड 3 से ही प्रत्याशी कश्मीरा के शैक्षणिक प्रमाण पत्र नहीं मिले। वार्ड 5 से प्रत्याशी ज्ञान सिंह पीसी एक्ट मामले में दोषी है। इसलिए उनका नाम रद किया गया है।

वार्ड 20 से प्रत्याशी मुकुल देशवाल के फार्म में भी कमी पाने पर उनका नामांकन रद्द किया गया है। मेयर व पार्षद पद के उम्मीदवार बुधवार 3 बजे तक नाम वापिस ले सकते हैं। इसके बाद उनकी लिस्ट फाइनल समझी जाएगी। शाम को प्रशासन द्वारा सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह अलॉट कर दिए जाएंगे।


आज ही प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह दिए जाएंगे

#### सिंगल विंडो सिस्टम से मिलेगी परमिशन: गायत्री

क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की सचिव एवं नगर निगम चुनाव की निर्वाचन अधिकारी मेजर गायत्री अहलावत ने बताया कि नगर निगम चुनाव के मेयर और पार्षद चुनाव को लेकर किसी भी तरह की जरूरी परमिशन प्राप्त करने के लिए स्थानीय नगर निगम कार्यालय में ग्राउंड तल पर टैक्सेशन ब्रांच में सिंगल विंडो सिस्टम स्थापित किया गया है। यहां से प्रत्याशी चुनाव से संबंधित परमिशन प्राप्त कर सकते हैं।

#### चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी सिंगल विंडो सिस्टम से जरूरी परमिशन प्राप्त करें

उन्होंने बताया कि मंडल रोजगार अधिकारी सोनल गोयल को सिंगल विंडो सिस्टम के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा एमडीयू से सहायक सतीश कुमार और रविंद्र कुमार तथा लिपिक कमल, राजेश और सुनील कुमार की ड्यूटी लगाई गई है, जो प्रत्याशियों को उनकी जरूरत के अनुरूप परमिशन देने का कार्य करेंगे। इस बारे में सिंगल विंडो सिस्टम पर नियुक्त अधिकारियों और कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों से अपील करते हुए कहा है कि वे इस सिंगल विंडो सिस्टम से अपनी जरूरी परमिशन प्राप्त कर सकते हैं।

---

# ओलावृष्टि के मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

- किसान 2 साल से ओलावृष्टि के मुआवजे और बकाया बीमा क्लेम की मांग कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

फसल खराबे का मुआवजा न मिलने से नाराज किसानों ने मंगलवार को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। किसान 2 साल से ओलावृष्टि के मुआवजे और बकाया बीमा क्लेम की मांग कर रहे हैं। लेकिन अधिकारी किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर कतई गंभीर नहीं है जिससे उनमें आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ऐसा किसानों का कहना है। किसान सभा राज्य सचिव सुमित दलाल ने बताया कि वर्ष 2023 में रबी की फसलों में रोहतक के दर्जनों गांवों में ओलावृष्टि से अत्यधिक नुकसान हुआ था, जिसकी गिरदावरी रिपोर्ट भी तैयार करते हुए 20189 एकड़ में नुकसान और 19,37,08,457 रुपए का मुआवजा दर्ज किया गया। किसान इंतजार करते रहे। लेकिन आज तक मुआवजा नहीं मिला। जिला अधिकारी किसानों के इस मुआवजे को जारी करवाने और किसानों को दिलवाने के लिए बिलकुल भी गंभीर नहीं है। किसान सभा 6- 7 बार इस बाबत ज्ञापन दे चुकी है पर कोई प्रशासन द्वारा कोई जवाब नहीं दिया जा रहा।



#### 20 प्रतिशत से ज्यादा मुआवजा बकाया

किसान नेता सुमित ने कहा कि इसी प्रकार रबी 2024 का ओलावृष्टि का राजस्व विभाग का भी 20 प्रतिशत से ज्यादा मुआवजा बकाया है और रबी 2024 का बीमित किसानों का बीमा क्लेम तो पूरा ही बकाया है जिसे बीमा कंपनिया जारी नहीं कर रही । बीमा हुए 1 साल हो गया और अब क्लेम के लिए कंपनी मनमानी पर उतारू है।



### डॉक्टर पर केस दर्ज करने से पहले पुलिस करे जांच

**रोहतक।** चिकित्सा व्यवसाय में कानूनी अड़चनें एवं डॉक्टरों और अस्पतालों पर मुकदमें लगातार बढ़ते जा रहे हैं। डॉक्टरों पर उपभोक्ता फोरम के अलावा क्रिमिनल मुकदमें दर्ज हो रहे हैं, जिससे चिकित्सा जगत आहत है। इस विषय को लेकर मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टरों ने बताया कि इलाज के दौरान मरीज की स्तिथि बिगड़ने या मृत्यु होने पर डॉक्टरों पर क्रिमिनल केस दर्ज होने और गिरफ्तारी को रोकने हेतु सुप्रीम कोर्ट ने जैकब मैथ्यूज बनाम पंजाब राज्य, मार्टिन डिसूज़ा बनाम मोअशफाक, लतिका कुमारी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य, के केस में स्पष्ट गाइड लाइन जारी की हैं। इसमें कहा गया है कि केवल घोर चिकित्सा लापरवाही के मामलों में ही डॉक्टरों पर क्रिमिनल मुकदमा दर्ज हो। जिसमें पहले पुलिस जांच होनी चाहिए। सीएमओ बोर्ड की जांच अनिवार्य हो जिसमें दोषी पाए जाने पर ही केस चलाया जाए।

---

### उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल

# गौड़ ब्राह्मण कॉलेज के छात्रों ने नेटबॉल में प्रथम व वुशू में तृतीय स्थान प्राप्त किया

- कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा व खेल समिति सदस्यों ने विजेता खिलाड़ियों का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उत्तराखंड में 22 जनवरी से 14 फरवरी तक आयोजित 38 वें राष्ट्रीय खेलों में गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। जिसमें विनीत बीए तृतीय वर्ष ने वूशु में तृतीय स्थान व नेहा बीए द्वितीय वर्ष ने नेटबॉल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कॉलेज में कॉलेज प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा व खेल समिति सदस्यों ने विजेता खिलाड़ियों का स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा राष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रथम व तृतीय स्थान प्राप्त करना एक गौरव का विषय है। हम महाविद्यालय स्तर पर खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की हर संभव मदद करते है। इसके लिए खेल समिति भी बनाई गई है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को भी अपने हुनर को आगे लाना चाहिए और उसके लिए एकाग्र होकर अपने लक्ष्य को साधना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा सही दिशा में लगाने का आह्वान किया। इस मौके पर खेल समिति सदस्य डॉ. सुखदेव शर्मा, डॉ. सुरेंद्र शर्मा, डॉ. मंजू शर्मा, डॉ. सीमा शर्मा, आशु आदि मौजूद रहे।



---

### सुनवाई | नागरिकों की शिकायतों का निपटारा कर प्रदान करें राहत

# पात्र लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का अविलंब काम करें सुनिश्चित: एडीसी

*जिला प्रशासन प्रतिदिन समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों के निपटारे की समीक्षा की जा रही*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई करते हुए अधिकारियों को इन शिकायतों के तुरंत निपटारे के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार लोगों की शिकायतों के शीघ्र निपटारे के उद्देश्य से हर कार्य दिवस समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। नरेंद्र कुमार स्थानीय लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कुमार कौशिक, नगराधीश अंकित कुमार, डीआरओ कनब, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल व अन्य विभागों के उच्चाधिकारियों के साथ समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी प्रतिदिन समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का शीघ्र से शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें ताकि लोगों की असुविधाओं को दूर करके उन्हें राहत दी जा सके। प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न पेंशन योजनाएं, कन्या राशि, मकान नवीनीकरण, छात्रवृति योजनाएं, सौर ऊर्जा, पंजीकृत मजदूरों की योजनाएं, स्वास्थ्य से संबंधित, महिला सशक्तिकरण आदि विभिन्न वर्गों के कल्याण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही हैं। ऐसे में अधिकारी पात्र एवं जरूरतमंद लोगों को इन योजनाओं का समय पर लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। एडीसी ने कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निपटारे के लिए विभाग के उच्चाधिकारी मौके पर समाधान शिविर में मौजूद रहकर इन शिकायतों का निपटारा करें। जिला प्रशासन द्वारा प्रतिदिन समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों के निपटारे की समीक्षा की जा रही है तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे है।



**रोहतक।** समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ।

#### ये अधिकारी मौजूद रहे

शिविर के दौरान नवनियुक्त जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कुमार कौशिक का स्वागत किया गया। एडीसी नरेंद्र कुमार और डीडीपीओ राजपाल चहल ने जिला रोहतक में उनकी नियुक्ति पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता अरूण कुमार, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता रामेंद्र मलिक, स्वास्थ्य विभाग के परिवार कल्याण अधिकारी सुरेश भारद्वाज सहित अन्य संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी, भाजपा के प्रतिनिधि एडवोकेट अंकुश आदि मौजूद रहे।

---

# मंजीत की हत्या के मामले में 12वां आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस की सीआईए-2 की टीम ने मंजीत की हत्या के मामले में 12 वां आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करके एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। सीआईए-2 प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि 6 दिसंबर 2024 को पुलिस को सूचना मिली कि गांव किलोई में स्थित भूमि गार्डन में शादी समारोह में गोलियां चली है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरु की। डीघल निवासी मंजीत व बल्लम निवासी मंदीप को गोलिया लगी। जिनकों उपचार के लिए ट्रामा सेंटर ले जाया गया है। डॉक्टरो की टीम ने मंजीत को मृत घोषित किया गया। मृतक के भाई मुकेश की शिकायत के आधार पर सदर थाना में केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच मे सामने आया कि 6 दिसंबर 2024 को मंजीत व मुकेश अपने चाचा सतीश के लड़के का शादी समारोह गांव किलोई में स्थित भूमि गार्डन में बारात में आए हुये थे। रात को भूमि गार्डन हाल में खाना खा रहे था। इसी दौरान हाल के अंदर 2-3 अज्ञात युवक अंदर आये। युवकों ने अपने साथ लिये हुये हथियारों से मंजीत के सिर व गर्दन पर अंधाधुंध फॉयरिंग की। इस दौरान साथ मे बैठे मंदीप को भी गोलिया लगी। तीन युवको फॉयर करते हुये भागने लगे। मुकेश ने बचाव में अपने लाइसैंसी हथियार से हवाई फॉयर किया। तीनों युवक गाडी में बैठकर मौके से फरार हो गए। गोली लगने से घायल हुए मंजीत व मंदीप को ट्रामा सेंटर ले जाया गया।





# फिल्म कन्नप्पा से प्रभास का रुद्र लुक रिलीज...

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म कन्नप्पा से उनका लुक रिलीज हो गया है। फिल्म कन्नप्पा के निर्माताओं ने इस फिल्म से प्रभास का लुक रिलीज कर दिया है। फिल्म कन्नप्पा में प्रभास के किरदार का नाम रूद्र है। फिल्म कन्नप्पा मुकेश कुमार सिंह निर्देशित और एम. मोहन बाबू निर्मित है। हाल ही में निर्माताओं ने भगवान शिव की भूमिका में अक्षय कुमार का एक आकर्षक पोस्टर जारी किया था। इस फिल्म से अक्षय तेलुगू सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म का टीजर, कान फिल्म फेस्टिवल में विष्णु मांचू, मोहन बाबू और प्रभु देवा ने दिखाया था।

लाइफ Style



# रश्मिका

## टैग मिलने से नहीं मेहनत से बनता है कॅरियर

साउथ सिनेमा से लेकर बॉलीवुड तक अपनी अलग पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना एक समय में 'नेशनल क्रश' के नाम से मशहूर थीं। 28 साल की उम्र में ही वो भारत की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक बन चुकी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान रश्मिका ने कहा कि टैग्स मिलने से करियर नहीं बनता, बल्कि मेहनत, लगन, लोगों का प्यार और उनकी फिल्में मायने रखती हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

2016 में कन्नड़ फिल्म 'किरिक पार्टी' से करियर शुरू करने वाली रश्मिका को लगा था कि ये उनकी पहली और आखिरी फिल्म होगी। रश्मिका मंदाना ने बताया, 'आज मैं 24 फिल्मों के बाद भी यहां हूं। मुझसे ज्यादा सुंदर और टैलेंटेड महिलाएं इंडस्ट्री में हैं, लेकिन मुझे अपनी इस जर्नी पर गर्व है। मैं अपने फैंस से गहराई से जुड़ी हुई हूं और ये मेरे लिए बहुत खास है'। पिछले दो सालों में रश्मिका ने बॉलीवुड और साउथ सिनेमा में दो बड़ी हिट फिल्में दी हैं। 2023 में 'एनिमल' में रणबीर कपूर के साथ काम किया, जिसने 1,000 करोड़ से ज्यादा कमाए। वहीं, 2024 में 'पुष्पा 2: द रूल' में श्रीवल्ली के किरदार में वापसी कर 1,800 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। रश्मिका मंदाना के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी अगली फिल्म 'छावा' है, जिसमें वे विक्की कौशल के साथ नजर आ रही हैं। ये फिल्म मराठा सम्राट छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है, जिसे लक्ष्मण उतेकर निर्देशित कर रहे हैं। ये फिल्म 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। रश्मिका ने कहा, 'अगर साउथ और हिंदी इंडस्ट्री में एक साथ कोई इवेंट हो, तो तय करना मुश्किल होता है लेकिन मुझे हर जगह से इतना प्यार मिला है कि मैं अपनी नींद छोड़कर भी वहां पहुंचना चाहती हूं।

## हॉलीवुड मसाला



# 'कैप्टन अमेरिका' की कमाई में गिरावट...

**लॉस एंजिल्स।** पिछले शुक्रवार को हॉलीवुड फिल्म 'कैप्टन अमेरिका: ब्रेव न्यू वर्ल्ड' भारत में रिलीज हुई। मार्वल प्रोडक्शन की इस फिल्म को बहुत अच्छा रेस्पॉन्स नहीं मिल रहा है। जानिए, अब तक इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस कितना कलेक्शन किया? पांचवे दिन की इसकी कमाई क्या रही। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार फिल्म 'कैप्टन अमेरिका: ब्रेव न्यू वर्ल्ड' ने पांचवें दिन लगभग 52 लाख रुपये ही कमाए हैं। यह कमाई पिछले दिनों के मुकाबले कम है। इस हॉलीवुड फिल्म के भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में लगातार गिरावट आ रही है।



# क्रिस्टोफर की 'द ओडिसी' में नजर आएंगे मैट डेमन

**लॉस एंजिल्स।** क्रिस्टोफर नोलकी की आगामी फिल्म 'द ओडिसी' में मुख्य किरदार निभाने वाले अभिनेता के नाम की घोषणा हो गई है। बता दें कि इस फिल्म में मैट डेमन मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। ये खुशखबरी सामने आते ही अभिनेता के फैंस उन्हें पर्दे पर देखने के लिए बेहद उत्साहित हो गए हैं। अभिनेता मैट डेमन और उनके लुक को लेकर फिल्म के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर ये जानकारी दी गई है। पोस्ट में फिल्म रिलीज डेट के बारे में भी बताया गया है। पोस्ट में यह भी बताया गया कि यह फिल्म 17 जुलाई साल 2026 को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली है। यह कविता ग्रीक कवि होमर ने लिखी है। इसमें इथाका के राजा ओडिसियस की कहानी है, जो ट्रोजन युद्ध के बाद अपने घर लौटने के लिए यात्रा के दौरान कई कठिनाइयों का सामना करते हैं। इस यात्रा में ओडिसियस को कई खतरे उठाने पड़ते हैं।



# एक्टर की परिभाषा बदल रही है...

**मुंबई।** एक्ट्रेस समरीन कौर ने कहा कि एक मॉडल और पेजेंट फाइनलिस्ट के तौर पर अपनी शुरूआत करने वाली समरीन ने बॉलीवुड फिल्मों से अपना डेब्यू नहीं किया, बल्कि उन्होंने पहले म्यूजिक वीडियो के ज़रिए दर्शकों को आकर्षित किया, जिसमें उनका गाना इश्क भी शामिल है। इस पर वे कहती हैं, "एक एक्टर की परिभाषा बदल रही है। समरीन रणवीर सिंह स्टारर फिल्म '83' में काम कर चुकी हैं। समरीन जल्द ही कुछ आपको कुछ बेहद दिलचस्प प्रोजेक्ट्स में नज़र आएँगी। उन्होंने आगे कहा, "आजकल सिर्फ फिल्म डेब्यू काफी नहीं है, बल्कि जरूरी है कि आप अलग-अलग माध्यमों के जरिए दर्शकों से जुड़ें। हालांकि, समरीन ने अपनी सोशल मीडिया प्रेजेंस के जरिए अपने दर्शक कमाए हैं।



# 'द पैराडाइज' का ऐलान शूटिंग होगी शुरू

**मुंबई।** प्रोडक्शन हाउस एसेसलवी सिनेमा ने अपनी अगली फिल्म 'द पैराडाइज' का ऐलान कर दिया है। श्रीकांत ओडेला के निर्देशन में बनने वाली यह फिल्म का ऐलान दिलचस्प पोस्टर के साथ किया गया। फिल्म द पैराडाइज में म्यूजिक की कमान रॉकस्टार अनिरुद्ध रविचंदर ने संभाली है। फिल्म द पैराडाइज में अभिनेता नानी लीड रोल में नजर आएंगे। फिल्म पैराडाइज के निर्माता एसएलवी प्रोडक्शन ने सोशल मीडिया पर एक दिलचस्प पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है, हैदराबाद की धड़कनें पूरी दुनिया में गूंजेंगी। द पैराडाइज में रॉकस्टार अनिरुद्ध का म्यूजिक है, निर्देशक श्रीकांत ओडेला है और फिल्म में मुख्य कलाकार नानी हैं। यह फिल्म तीन शानदार ताकतों का मिलाजुला परिणाम होगी: नेचुरल स्टार नानी, निर्देशक श्रीकांत ओडेला, और रॉकस्टार अनिरुद्ध रविचंदर।'

## टीवी मसाला



# अंगूरी भाभी के दीवानों के लिए खुशखबरी...

मुंबई। सबसे लंबे समय तक चलने वाले टीवी कॉमेडी डेलीज में से एक 'भाबी जी घर पर हैं!' के प्रशंसकों के लिए बड़ी खबर है। सालों से दर्शकों के प्यार से सराबोर रहे इस टीवी शो पर फीचर फिल्म बनने जा रही है। इस शो पर शशांक बाली द्वारा निर्देशित फिल्म इसी साल रिलीज होगी, जिसके लिए शूटिंग 15 मार्च से देहरादून (उत्तराखंड) में शुरू होगी। अभिनेता रोहिताश्व गौर (जो मनमोहन तिवारी का किरदार निभा रहे हैं) ने खबर की पुष्टि करते हुए कहा, "जी, वाकई ये सच है! हम बेहद उत्साहित हैं, अभिनेता होने के नाते हम सभी खुद को सिल्वर स्क्रीन पर वापस देखने का सपना देखते हैं और यह हो रहा है। यह एक सपने के सच होने जैसा है। अभिनेत्री विदिशा श्रीवास्तव (जो अनीता मिश्रा का किरदार निभा रही हैं) कहती हैं, "यह हमारे प्रशंसकों के प्यार की वजह से है कि हम इतनी बड़ी छलांग का हिस्सा बन रहे हैं। मैं इस शो से बहुत बाद में जुड़ी, लेकिन आज यह मेरा परिवार है। उन्होंने आगे कहा, "शो का सार बना रहेगा और हम दर्शकों के लिए बहुत सारा धमाल करने का वादा करते हैं। स्टार कास्ट में रोहिताश्व और विदिशा, आसिफ शेख (जो विभूति नारायण मिश्रा का किरदार निभा रहे हैं) और शुभांगी अत्रे (अंगूरी तिवारी) के अलावा अन्य किरदार शामिल होंगे जो शो की सफलता का हिस्सा रहे हैं। 10 साल से प्राइम-टाइम स्लॉट में चल रहा शो के 2,500 से अधिक एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं।

# टीवी शो 'शिव शक्ति तप त्याग तांडव' में नजर आएगी घुमारवीं की बेटी..

**घुमारवीं।** मायानगरी मुंबई में हिमाचल प्रदेश के घुमारवीं की रिया शर्मा धूम मचा रही है। कलर चैनल पर लोकप्रिय धारावाहिक महाकाव्य



पौराणिक गाथा शिव शक्ति-तप त्याग तांडव में कन्या कुमारी की महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। छोटे पर्दे पर यह धारावाहिक कलर चैनल पर सोमवार से रविवार रात आठ बजे प्रसारित होता है। इससे पहले भी रिया ने स्टार प्लस चैनल में हिट सीरियल तेरी मेरी डोरियां में मन्नत के किरदार से दर्शकों का दिल जीत चुकी है। रिया के पिता व्यवसायी अनिल शर्मा और माता सुनीता शर्मा गृहिणी और समाजसेविका हैं।

# न शोले, न मुगल-ए-आजम, ये है 100 करोड़ कमाने वाली पहली भारतीय फिल्म

**मुंबई।** आज के समय में फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर 100-200 करोड़ रुपये का कलेक्शन करना आम बात हो गई है। लेकिन क्या आप उस पहली भारतीय फिल्म का नाम जानते हैं, जिसने ये आंकड़ा छुआ था? ये उस दौर की बात है, जब फिल्में 10-20 करोड़ ही कमा लें तो ब्लॉकबस्टर की श्रेणी में आ जाती थीं। जब भी 100 करोड़ी फिल्मों की बात होती है तो 2000 के दशक में आईं 'गजनी' और '3 इडियट्स' जैसी फिल्मों के नाम आते हैं। इन फिल्मों ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर ये आंकड़ा छुआ था, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि पहली 100 करोड़ी फिल्म 80 के दशक में रिलीज हुई थी।




***डिस्को डांसर के बिके थे 12 करोड़ से ज्यादा टिकट :*** आपको बता दें कि ये फिल्म कोई और नहीं बल्कि बब्बर सुभाष के निर्देशन में बनी 'डिस्को डांसर' थी, जिसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया था। ये पहली बॉलीवुड फिल्म रही, जिसने यह उपलब्धि हासिल की। डिस्को डांसर की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसके 12 करोड़ टिकट्स बिके थे। इसी के साथ डिस्को डांसर की वर्ल्ड वाइड कमाई लगभग 100.68 करोड़ रुपये तक पहुंच गई थी। फिल्म ने विदेशी कमाई के मामले में सारी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया, 1984 में रूस में लगभग 60 मिलियन रूबल (लगभग 94.28 करोड़ रुपये) का कलेक्शन किया।

# डिलेवरी बॉय से लेकर एसटीडी बूथ तक में किया काम

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मों में हीरो बनने का सपना लाखों एक्टर देखते हैं। लेकिन कुछ ही जुनूनी एक्टर्स का ये सपना सच हो पाता है। ऐसा ही एक जुनूनी अभिनेता है जिसने एक्टर बनने से पहले डिलेवरी बॉय के तौर पर काम किया। इतना ही नहीं एसटीडी फोन बूथ पर बतौर ऑपरेटर नौकरी की और क्लब्स में भी रोजगार तलाशते रहे।लेकिन जब हीरो बने तो धमाका कर दिया। अब इसी हीरो की फिल्म ने स्टारकिड्स जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर पटखनी दे डाली। हम बात कर रहे हैं 'सनम तेरी कसम' के हीरो 'हर्षवर्धन राणे' की।

***सनम तेरी कसम ने दुबारा रिलीज पर तोड़ा रिकॉर्ड :*** बॉलीवुड एक्टर हर्षवर्धन राणे की फिल्म 'सनम तेरी कसम' 9 साल बाद सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज हुई तो बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर गई। इस फिल्म ने दोबारा रिलीज होने पर अपनी पहली कमाई को पछाड़ दिया। इतना ही नहीं आमिर खान के लाडले जुनैद खान और बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर की फिल्म 'लवयापा' की कमाई को भी पीछे छोड़ दिया लेकिन हर्षवर्धन के लिए यहां का सफर आसान नहीं रहा है।

***डिलेवरी बॉय सहित कई जगह की नौकरी:*** इसके लिए हर्षवर्धन ने अपने स्ट्रगलिंग दिनों में डिलेवरी बॉय के तौर पर भी नौकरी की है। इसका खुलासा भी खुद हर्षवर्धन ने जॉन



अब्राहिम के साथ मुलाकात का किस्सा सुनाते हुए किया था। हर्षवर्धन ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया था, 'मेरे शुरुआती दिनों में मैंने कई तरह की नौकरियां की हैं। 2004 में मैंने एक एसटीडी बूथ में बतौर ओपरेटर की नौकरी की जहां मुझे दिनभर की कमाई में 10 रुपये मिला करते थे। इसके बाद मैंने साइबर कैफे में भी काम किया जहां मेरी तनख्वाह दिन की डबल यानी 20 रुपये हो गई थी।

***जॉन अब्राहम के घर गया था डिलेवरी देने :*** इसके बाद मैंने डिलेवरी बॉय का काम संभाला और मुझे जॉन अब्राहिम से मुलाकात का मौक भी मिला। मैं हैलमेट की डिलेवरी किया करता था और कंपनी ने जॉन अब्राहिम के यहां मुझे डिलेवरी के लिए भेजा था। जब मैं वहां पहुंचा तो जॉन अब्राहिम 10 मिनट बाद खुद मुझसे मिलने आए और मुझे शुक्रिया कहा। इतने बड़े स्टार की इस हम्बलनेस से मैं काफी प्रभावित हुआ था।'

***टीवी से की शुरुआत, मचाया जमकर धमाल :*** हर्षवर्धन ने अपने करियर की शुरुआत साल 2007 में आए टीवी सीरियल 'लेफ्ट राइट लेफ्ट' से की थी। इस सीरियल के बाद हर्षवर्धन ने साउथ की फिल्मों में काम तलाशना शुरू कर दिया। खास बात ये है कि हर्षवर्धन को साउथ की फिल्में भी मिलने लगीं। 2010 में हर्षवर्धन ने 'थकिता थकिता' नाम की साउथ फिल्म में काम किया। इसके बाद 2012 में 'ना इस्थाम' में अपनी एक्टिंग का जलवा दिखाया। इसके बाद ये सफर लगातार जारी रहा।

### री-रिलीज में स्टारकिड्स को पछाड़ा

हर्षवर्धन की फिल्म अब 2025 में पूरे 9 साल बाद सिनेमाघरों में रिलीज हुई तो तहलका हो गया और फिल्म ने 45 करोड़ रुपयों से ज्यादा की कमाई कर डाली। इतना ही नहीं हर्षवर्धन की फिल्म 'सनम तेरी कसम' ने बॉक्स ऑफिस पर स्टारकिड्स जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म 'लवयापा' को भी पछाड़ दिया है।

## नेशनल ब्रेवरी अवॉर्ड से की जा चुकी हैं सम्मानित

# 36 बच्चों की मां है 50 साल की ये हसीना, 600 करोड़ की प्रॉपर्टी को मार चुकी है ठोकर

*मुंबई। बॉलीवुड में ऐसे कई स्टार हैं, जो अपनी अदाकारी के साथ-साथ अपने सोशल वर्क के लिए भी जाने जाते हैं। इनमें सोनू सूद से लेकर जॉन अब्राहम और दीया मिर्जा सहित कई नाम शामिल हैं। ये स्टार, अपने-अपने स्तर पर सोशल वर्क में अपना योगदान दे रहे हैं। इस लिस्ट में 90 के दशक की भी एक एक्ट्रेस का नाम शुमार है। इस एक्ट्रेस ने जब इंडस्ट्री में कदम रखा तो अपनी क्यूटनेस और डिंपल्स से हर किसी का दिल जीत लिया। जी हां, हम बात कर रहे हैं बॉलीवुड की डिंपल गर्ल प्रीति जिंटा के बारे में। क्या आप जानते हैं, प्रीति जिंटा एक-दो नहीं बल्कि 36 बच्चों की मां है। कैसे, चलिए बताते हैं।*



### 34 बच्चे बाल निकेतन के और 2 खुद के

प्रीति जिंटा ने साल 2016 में अमेरिकी बॉयफ्रेंड जीन गुडइनफ से शादी की थी, जिनके साथ वह अब विदेश में ही सेटल हो चुकी हैं। शादी के पांच साल बाद दोनों सरोगेसी के जरिए 2 जुड़वा बच्चों जय और जिया के पेरेंट बने। लेकिन, इससे पहले ही प्रीति 34 बच्चों की मां बन गई थीं। प्रीति जिंटा ने 2009 में अपने 34वें जन्मदिन पर खुद को बहुत प्यारा सा गिफ्ट दिया और ऋषिकेश के मदर मिरेकल अनाथालय की 34 अनाथ बच्चियों को गोद लेने का फैसला किया। इस तरह इन 34 अनाथ बच्चियों और अपने दो बच्चों के साथ प्रीति 36 बच्चों की मां बन चुकी हैं।

### 34 बच्चियों की पूरी परवरिश की ली जिम्मेदारी

प्रीति जिंटा ने एक पुराने इंटरव्यू में इन बच्चियों को गोद लेने की बात कही थी। इसी दौरान प्रीति ने कहा था कि वह हमेशा इन 34



बच्चियों की परवरिश का ख्याल रखेंगी। उनकी शिक्षा के खर्च से लेकर कपड़े, खाना और अन्य चीजों का खर्च भी वही उठाएंगी। प्रीति इन 34 बच्चियों को अपनी जिम्मेदारी मानती हैं और अक्सर अपनी इन बेटियों से मिलने ऋषिकेश जाती रहती हैं। प्रीति विदेश में रहते हुए भी इन बच्चियों के खर्च और जिम्मेदारी का पूरा ध्यान रखती हैं।

### शाहरुख खान की फिल्म से किया था डेब्यू

बता दें, प्रीति जिंटा ने 90 के दशक में बॉलीवुड डेब्यू किया था। प्रीति की पहली फिल्म 'दिल' थी, जिसमें शाहरुख खान और मनीषा कोइराला लीड रोल में थे। इसके बाद प्रीति ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक फिल्में कीं और बॉलीवुड के तमाम बड़े स्टार्स के साथ काम किया। उन्होंने अपने करियर में कई हिट फिल्में दीं, जिनमें 'क्या कहना', 'कोई मिल गया' और 'वीर जारा' शामिल हैं। प्रीति अपनी फिल्मों के साथ ही अपनी खूबसूरती, क्यूटनेस और डिंपल के लिए भी मशहूर हैं।

### 600 करोड़ की संपत्ति लेने से किया इंकार

प्रीति जिंटा को लेकर एक दिलचस्प किस्सा ये भी है कि उन्होंने विरासत में मिली 600 करोड़ की संपत्ति को ठोकर मार दी थी। दरअसल, अभिनेत्री को दिवंगत डायरेक्टर कमाल अमरोही के बेटे शानदार अमरोही अपनी बेटी की तरह मानते थे। यही नहीं, वे अपनी 600 करोड़ की संपत्ति प्रीति जिंटा को देना चाहते थे, लेकिन प्रीति ने इसे लेने से इनकार कर दिया। 13 की उम्र में अपने पिता को खो चुकीं प्रीति का तर्क था कि वह अपने जीवन में किसी को अपने पिता की जगह नहीं दे सकतीं और ना ही किसी की संपत्ति ले सकती हैं।

## खबर संक्षेप



महम। गवर्नमेंट कॉलेज महम में आयोजित सांस्कृतिक उत्सव स्वर माधुरी की विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करते प्राध्यापक।

### स्वर माधुरी उत्सव में दिखाई प्रतिभा

**महम।** राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव स्वर माधुरी का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य रोहित कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को चरित्र निर्माण में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों की भूमिका से विद्यार्थियों को अवगत करवाया। प्राध्यापिका ज्योति शर्मा ने इन गतिविधियों को वर्तमान समय में युवाओं द्वारा स्वयं को तनाव मुक्त व अन्य कुरीतियों से दूर बनाए रखने में सहायक बताया।



रोहतक। व्याख्यान को सम्बोधित करते इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति अजीत सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

### संविधान देश की सर्वोच्च विधिः अजीत सिंह

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के विधि विभाग में मंगलवार को कॅरियर इन लॉ विद स्पेशल रेफरेंस टू कॉन्स्टिट्यूशन ऑफ इंडिया विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति अजीत सिंह ने बतौर मुख्य वक्ता यह व्याख्यान दिया। न्यायमूर्ति अजीत सिंह ने कहा कि भारत का संविधान देश की सर्वोच्च विधि है। उन्होंने कहा कि कानून के विद्यार्थी वकालत, न्यायिक सेवा, सरकारी सेवाएं, शैक्षणिक और अनुसंधान तथा कारपोरेट व अंतर्राष्ट्रीय कानून आदि क्षेत्रों में बेहतर कॅरियर निर्माण कर सकते हैं।

# बाबा मस्तनाथ विवि विद्यार्थियों ने सीखा मृदा एवं जल परीक्षण का ज्ञान

- मृदा एवं जल परीक्षण विषय पर आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र रोहतक द्वारा मृदा एवं जल परीक्षण विषय पर आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मिट्टी और जल की गुणवत्ता जांचने की वैज्ञानिक विधियां सिखाना था, जिससे वे कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों का बेहतर उपयोग कर सकें। कार्यक्रम समन्वयक एवं वैज्ञानिक डॉ. सुकृति ने बताया कि इस प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को मृदा एवं जल परीक्षण के महत्व, उपयोगिता, नमूने एकत्र करने की विधियां, प्रयोगशाला में परीक्षण प्रक्रिया, और मृदा एवं जल की गुणवत्ता बनाए रखने के वैज्ञानिक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ. सुकृति ने कहा कि मिट्टी और पानी हमारे प्राकृतिक संसाधन हैं और इनकी गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए वैज्ञानिक परीक्षण अत्यंत आवश्यक हैं। विद्यार्थियों को यह बताया गया कि मृदा परीक्षण द्वारा भूमि की उर्वरता का सही आकलन करके खाद एवं उर्वरकों का उचित उपयोग किया जा सकता है, जिससे फसलों की उत्पादकता बढ़ेगी और पर्यावरण पर दुष्प्रभाव कम होगा। इसी प्रकार, जल परीक्षण से जल स्त्रोतों की स्वच्छता और उनकी उपयोगिता का पता लगाया जा सकता है, जिससे कृषि और मानव स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के वैज्ञानिकों, कृषि विज्ञान केंद्र रोहतक की वरिष्ठ समन्वयक डॉ. मीनाक्षी सिवाच तथा अन्य विशेषज्ञों का विशेष योगदान रहा। उन्होंने विद्यार्थियों को मृदा एवं जल परीक्षण की नवीनतम तकनीकों, उपकरणों के प्रयोग और रिपोर्ट विश्लेषण की बारीकियाँ सिखाईं। इस अवसर पर डॉ. दिलबाग सिंह, डॉ. कृपा राम और हिमांशु सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और इस कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताया।



रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में प्रतिभागियों के साथ अतिथिगण।

### कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एच.एल. वर्मा ने इस प्रशिक्षण में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान और वैज्ञानिक सोच को विकसित करने में सहायक होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया कि वे कृषि के क्षेत्र में नवीनतम वैज्ञानिक विधियों को अपनाकर देश की खाद्य सुरक्षा एवं कृषि विकास में योगदान दें। कृषि विभाग के अध्यक्ष डॉ. आरएस मलिक ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम में भाग लेने की अनुमति देने के लिए कुलपति का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से विद्यार्थियों की दक्षता में वृद्धि होती है तथा वे प्रयोगशाला और खेतों में परीक्षण कर कृषि के नए आयाम खोल सकते हैं।

## एमडीयू में पांच दिवसीय यूथ रेडक्रॉस कैंप प्रारंभ

# उपायुक्त ने रेडक्रास सोसायटी के जनकल्याणकारी कार्यों को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की यूथ रेड क्रॉस समिति, जिला रेड क्रॉस सोसायटी, रोहतक तथा इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, हरियाणा स्टेट ब्रांच चंडीगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को यूनिवर्सिटी में पांच दिवसीय यूथ रेड क्रॉस कैंप प्रारम्भ हुआ। इस कैंपस में एमडीयू के यूटीडी तथा संबद्ध 20 महाविद्यालयों के लगभग 130 वाईआरसी वालंटियर्स भाग ले रहे हैं। एमडीयू के सीडीओई सेमिनार हाल आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि जिला उपयुक्त डॉ. धीरेन्द्र खड़गटा ने किया। अपने प्रभावी संबोधन में जिला उपायुक्त डॉ. धीरेन्द्र खडग़टा ने कहा कि वाईआरसी वॉलंटियर्स समाज के सजग प्रहरी के तौर पर तैयार हो, ताकि किसी भी आपदा के समय पर अपनी महत्ती भूमिका निभा सकें। उपायुक्त खडग़टा ने कहा कि रेड क्रॉस केवल रक्तदान तक सीमित नहीं है, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण, प्राकृतिक आपदा के साथ साथ सामाजिक दायित्वों को पूरा करने में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि वाईआरसी वॉलंटियर्स को अधिक से अधिक ट्रेनिंग की जरूरत है, साथ ही सामाजिक एवं सरकारी संस्थानों और एनजीओ के साथ मिलकर काम करने की जरूरत है, जिससे वे भविष्य के लिए तैयार हो सकें। उन्होंने वाईआरसी वॉलंटियर्स से समाज और राष्ट्र के उत्थान में अपना अहम योगदान देने का आह्वान किया। एमडीयू के डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एएस मान ने शुभारंभ सत्र की अध्यक्षता की। प्रो. ए. एस. मान ने कहा कि सामाजिक दायित्व पूरा करने की दिशा में एमडीयू की अग्रणी भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि वाईआरसी वॉलंटियर्स पैशन और कंपैशन से अपने सामाजिक सरोकारों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि कोविड के समय एमडीयू वाईआरसी ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर अपनी महती भूमिका निभाई। इस अवसर पर सीडीओई निदेशक प्रो. नसीब सिंह गिल की विशिष्ट अतिथि उपस्थिति रही। एमडीयू की यूथ रेड क्रॉस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. अंजू धीमान ने प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया और इस पांच दिवसीय यूथ रेड क्रॉस कैंप की रूपरेखा बारे बताया। प्रो. धीमान ने कैंप के दौरान आयोजित की जाने वाली गतिविधियों पर प्रकाश डाला। जिला रेड क्रॉस सोसायटी, रोहतक के सचिव श्याम सुंदर, सचिव ने आभार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि आज रोहतक के 200 गांव में आजीवन यूथ रेड क्रॉस वॉलंटियर्स बनाए गए हैं। इस कैंप में एमडीयू के विभागों और संबद्ध महाविद्यालयों- एमकेजेके कालेज रोहतक, डीएस आर्य शिक्षण महाविद्यालय, राजकीय महाविद्यालय सांपला, राजकीय पीजी नेहरू कालेज झज्जर, शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा, राजकीय महाविद्यालय, दूबलधन, वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय, एसआईएएसटीई, राजकीय महाविद्यालय, बादली, वैश्य महिला महाविद्यालय, राजकीय महिला महाविद्यालय, लाखन माजरा, वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय, बहादुरगढ़, राजकीय महाविद्यालय, महम, जाट कालेज, रोहतक, राजकीय पीजी महिला महाविद्यालय, रोहतक, पं नेकी राम महाविद्यालय, रोहतक, राजकीय महाविद्यालय, जसिया, वैश्य कालेज रोहतक, सैनी शिक्षण महाविद्यालय के 130 वाईआरसी वॉलंटियर्स भाग ले रहे हैं।



रोहतक। यूथ रेड क्रॉस कैंप का दीप जलाकर शुभारंभ करते मुख्यअतिथि जिला उपायुक्त धीरेन्द्र खडग़टा। *फोटो : हरिभूमि*



रोहतक। यूथ रेड क्रॉस कैंप में मौजूद वाईआरसी वॉलंटियर्स।

### जिला रेड क्रॉस सोसायटी की टीम सदस्य

आशीष, प्रीति, तान्या, विशाल, राहुल व सरला, एमडीयू से संबद्ध महाविद्यालयों के वाईआरसी काउंसलर डॉ. दीपक लठवाल, डॉ. मनोज कुमार शर्मा, डा. दीपिका, अशोक कुमार, डॉ. रेखा, अमित कुमार, डॉ. विजय सिंह, डॉ. कविता, डा. फूल कुमार, टीना सैनी, डॉ. विनीत बाला, डॉ..कविता, डॉ. दीपिका यादव, सुनीता रानी, सविता यादव, डा. पूनम समेत वाईआरसी वालंटियर्स उपस्थित रहे। इस कैंप में आज पीजीआईएमएस, रोहतक के सीनियर प्रोफेसर तथा मेडिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. प्रवीन ने- द इंपैक्ट ऑफ न्यूट्रिशन ऑन हेल्थ विषय पर तथा एमडीयू के भौतिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. राजेश पूनिया ने औराः ए टूल ऑफ स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर विशेष व्याख्यान दिए।



# तीन दिवसीय योग ध्यान कार्यशाला का प्रारंभ

- गायत्री मंत्र में भी मानव को ध्यान करने की प्रेरणा का उल्लेख

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

विद्यार्थियों को ध्यान एवं योग के क्रियात्मक अभ्यास को कराने तथा उसकी गूढ़ गुत्थियों से परिचय कराने के उद्देश्य से महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में मंगलवार को तीन दिवसीय ध्यान-योग कार्यशाला प्रारंभ हुई। इस कार्यशाला के प्रथम दिन आनंदमय वैदिक योगशाला, रोहतक के संचालक आचार्य नवीन का सारगर्भित उद्बोधन रहा। आचार्य नवीन ने अपने वक्तव्य में व्यक्तियों के चेतना स्तर को ऊपर उठाने में ध्यान की भूमिका के बारे में समझाया। उन्होंने बताया कि पतंजलि कृत योगदर्शन के चार अध्यायों का संबंध मानव के मस्तिष्क की संरचना के चार भागों के साथ है, तथा योगदर्शन में प्रतिपादित सिद्धांतों को जीवन में उतारकर व्यक्ति अपने मन को नियंत्रित कर सकता है। गायत्री मंत्र में भी मानव को ध्यान करने की प्रेरणा का उल्लेख करते हुए आचार्य नवीन ने कहा कि अगर आप ध्यान एवं योग को अपने जीवन का अंग बनाते हैं तो आपका जीवन धीरे धीरे पूर्णतः सकारात्मक दिशा में परिवर्तित होता चला जायेगा। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के अगले सत्रों में क्रियात्मक रूप में ध्यान एवं योग का अभ्यास करवाया जाएगा।व्याख्यान के अंत में विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान आचार्य नवीन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीभगवान ने धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने विद्यार्थी जीवन में ध्यान एवं योग को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का समन्वयन एवं रूपरेखा प्रो. सुनीता सैनी तथा डॉ सुषमा नारा ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रवि प्रभात ने किया। इस अवसर पर एमए संस्कृत, एमए हिन्दू अध्ययन तथा योग अध्ययन विभाग के विद्यार्थी उपस्थित रहे।



महम। आर्य स्कूल मदीना में आयोजित हवन में भाग लेते शिक्षक और विद्यार्थी।

### आर्य स्कूल मदीना में विद्यालय के प्रशासनिक भवन का हवन के साथ उद्‌घाटन किया

महम। मदीना में भराण रोड पर स्थित आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नवनिर्मित प्रशासनिक भवन का उद्‌घाटन किया गया। इस मौके पर विश्व शांति, वातावरण शुद्धि और संस्कारों के लिए संरक्षण के लिए हवन भी किया गया। प्राचार्य अशोक दांगी और डायरेक्टर लतेश दांगी ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई। आचार्य वेदमित्र व करतार शास्त्री ने यज्ञ सम्पन्न करवाया। वेदों की महिमा बताई गई और मंत्रोच्चारण करके विद्यार्थियों और शिक्षकों से यज्ञ में आहुतियां डलवाई। प्राचार्य अशोक दांगी ने विदयालय के प्रशासनिक भवन का निर्माण कार्य पूरा होने पर प्रसन्नता व्यक्त की और सभी स्टाफ सदस्यों को मिलजुल कर बौद्धिक काम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कार्य की सफलता हेतु भौतिक वातावरण का स्वच्छ होना अति आवश्यक है इसलिए स्कूली वातावरण को नवीन ऊर्जा प्रदान करने हेतु नए कार्यालय भवन का निर्माण किया गया है। जिससे समूचा स्कूल लाभान्वित होगा। उल्लेखनीय है कि विद्यालय परिसर में प्रत्येक माह मासिक हवन का आयोजन किया जाता है। विश्व शांति, वातावरण शुद्धि और संस्कारों के संरक्षण हेतु मासिक हवन की यह परंपरा पिछले कई वर्षों से विद्यालय में चली आ रही है। इस मौके पर विद्यार्थी सहित सभी स्टाफ सदस्य एवं आसपास के गांव से पधारे कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय 90वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर प्राचार्य डॉ परम भूषण आर्य रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलने व खेल की महत्व को बताया और बताया कि खेल से हम कैसे अपने शरीर और भविष्य को अच्छा बना सकते हैं। खेलकूद प्रतियोगिता में 200 मीटर पुरुष वर्ग में तनुज (प्रथम), साहिल (द्वितीय) और मनीष (तृतीय) स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर महिला वर्ग में काफी (प्रथम), शवेता रानी और राखी (तृतीय) स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में ऊंची कूद में मनीष (प्रथम), अमन (द्वितीय) और मनीष (तृतीय) स्थान पर रहे। पुरुष वर्ग में लंबी कूद में मनीष (प्रथम), मोहित (द्वितीय) और अमन (तृतीय) स्थान पर रहे। महिला वर्ग में लंबी कूद में काफी (प्रथम), शवेता रानी (द्वितीय) और शवेता (तृतीय) स्थान पर रहे। महिला वर्ग में चक्का फेंक में तनु (प्रथम), शवेता (द्वितीय) और नैंसी (तृतीय) स्थान पर रहे। पुरुष वर्ग में चक्का फेंक में मनीष (प्रथम), प्रीत गोयत (द्वितीय) और मंदीप (तृतीय) स्थान पर रहे। 100 मीटर और 800 मीटर महिला वर्ग में काफी (प्रथम), शवेता रानी और सुनिधि (तृतीय) स्थान प्राप्त किया। 1500 मीटर पुरुष वर्ग में अमन (प्रथम), मोहित (द्वितीय) और महेश (तृतीय) स्थान प्राप्त किया। 5000 मीटर पुरुष वर्ग में अमन (प्रथम), मोहित (द्वितीय) और सुमित (तृतीय) स्थान प्राप्त किया। त्रिकूद पुरुष वर्ग में मनीष (प्रथम), मोहित (द्वितीय) और तुषार (तृतीय) स्थान प्राप्त किया। तीन टांग दोड़ महिला वर्ग में भावना और शवेता (प्रथम), स्वाति और नैंसी (द्वितीय) और रितिका और तनीषा (तृतीय) स्थान प्राप्त किया।



रोहतक। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते मुख्यअतिथि प्राचार्य डॉ परम भूषण आर्य,पूर्व प्राचार्य जगदेव सिंह, पूर्व प्राचार्य शमशेर अहलावत व प्राचार्य लोकेश बल्हारा।



महम। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान करते एचडी स्कूल खेड़ी महम के संचालक व शिक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

### सोलो डांस प्रतियोगिता में एचडी स्कूल खेड़ी महम के विद्यार्थियों में मचाया धमाल

महम। एचडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेड़ी महम में सोलो डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल प्राचार्या शालिनी गुप्ता ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कक्षा दूसरी से आठवीं के बच्चों ने बड़े उत्साह व जोश के साथ भाग लिया। बच्चों ने हरियाणवी, पंजाबी, राजस्थानी व विभिन्न भारतीय परिधानों में अपने नृत्य की प्रस्तुति प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। जैमी, अवनि, योगिता, राधिका, यश्वी, स्नेहा व सेजल आदि ने अपनी अपनी कक्षा में पहला स्थान अर्जित किया। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों को स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल निदेशक कुलवंत नहरा ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों का मनोरंजन तो करती ही हैं साथ ही उनमें आत्मविश्वास की भावना भी पैदा करती हैं। प्राचार्या ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों की प्रतिभा का सर्वांगिण विकास होता है तथा उनकी बौद्धिक क्षमता को भी बल मिलता है। इस अवसर पर उपप्राचार्या इंदु नहरा व स्कूल सचिव संजीव छिल्लर के साथ समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

### वाचन प्रतियोगिता का आयोजन

**रोहतक।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय मातृभाषा का सम्मान में महत्व रहा। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य मातृभाषा को बढ़ावा देना रहा क्योंकि मातृभाषा द्वारा ही हम अपनी संस्कृति को और भी समृद्ध बना सकते हैं। इस अवसर पर डा नीरज कुमारी व सुमन उपस्थित रही। प्राचार्य डॉ रश्मि लोहचब ने छात्राओं को संबोधित व प्रोत्साहित किया।

### सूचना

मैं, रोहित पुत्र श्री मुकेश निवासी गांव खैरड़ी तहसील कलानौर जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरी दसवीं की मार्कशीट में मेरी जन्मतिथि 02.04.2003 दर्ज है। मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र में मेरी जन्मतिथि 02.02.2004 दर्ज है। अब मैं मेरी दसवीं मार्कशीट में मेरी जन्मतिथि जन्म प्रमाण पत्र अनुसार 02.02.2004 दर्ज करवाना चाहता हूं।

### सूचना

मैं, कमलेश पत्नी श्री सतबीर निवासी फरमाणा बादशाहपुर तहसील महम जिला रोहतक बयान करती हूं कि मेरा पुत्र सोनू मेरे कहने–सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**नशे के खिलाफ** | नशा मुक्ति पर काम करने वाली सामाजिक संस्थाएं करें नगराधीश कार्यालय में संपर्क

जिले में नशे के विरूद्ध सख्त हुआ प्रशासन, उपायुक्त ने अफसरों के साथ की बैठक

# जिला में ड्रग्स की पूर्ण रूप से रोकथाम को लेकर सामाजिक संस्थाओं का सहयोग जरूरी : डीसी

- जिला प्रशासन सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से चलाएगा ड्रग्स की रोकथाम और नशा मुक्ति अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने जिला में ड्रग्स और नशा मुक्ति पर काम करने वाली सामाजिक संस्थाओं से आह्वान करते हुए कहा है कि वे जिला में ड्रग्स की पूर्ण रूप से रोकथाम के लिए जिला प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करें। इसके लिए ये सामाजिक संस्थाएं नगराधीश कार्यालय में संपर्क करें और अपनी संस्था से संबंधित जानकारी दें। उन्होंने कहा है कि ड्रग्स की रोकथाम के लिए सामाजिक संस्थाओं का सहयोग जरूरी है और जिला प्रशासन द्वारा सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से योजनाबद्ध ढंग से ड्रग्स की रोकथाम को लेकर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा है कि हरियाणा प्रदेश को ड्रग्स मुक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह के निर्देशानुसार जिला में ठोस एवं कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। इसके लिए योजना बनाकर ड्रग्स की बिक्री व सेवन करने वालों की निगरानी और उन पर कार्रवाई की जा रही है। लेकिन ड्रग्स की पूर्ण रूप से रोकथाम के लिए सामाजिक संस्थाओं का सहयोग जरूरी है ताकि वे अपने आसपास परिवेश में ड्रग्स की रोकथाम में अपना पूर्ण सहयोग दें सकें। उन्होंने कहा है कि ड्रग्स की रोकथाम एक ऐसा अभियान है, जिसमें समाज के हर जागरूक लोगों के सहयोग की आवश्यकता है।

उपायुक्त ने कहा है कि जिला में सामाजिक संस्थाओं के सुझावों पर गौर करते हुए जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा ड्रग्स की रोकथाम को लेकर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। सामाजिक संस्थाओं से सुझाव भी आमंत्रित किए जाएंगे कि जिला में किस प्रकार से युवाओं और अन्य लोगों को ड्रग्स के सेवन से बचाया जा सके। उन्होंने कहा है कि वर्तमान समय में युवाओं को ड्रग्स या अन्य किसी भी प्रकार के नशे के सेवन से बचाना हमारे लिए एक चुनौति की तरह है, लेकिन यदि मिलकर प्रयास किए जाएं तो यह मुश्किल काम नहीं है। ऐसे में ड्रग्स या नशा मुक्ति पर काम करने वाली सामाजिक संस्थाओं से अपील है कि वे जिला प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने के लिए आगे आएं। इसके लिए वे लघु सचिवालय स्थित नगराधीश कार्यालय में संपर्क करें तथा अपनी संस्था के बारे में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दें ताकि जिला प्रशासन ड्रग्स की रोकथाम को लेकर उनसे सहयोग लें सकें। उपायुक्त ने जिला में ड्रग्स और नशा मुक्ति पर काम करने वाली सामाजिक संस्थाओं से आह्वान करते हुए कहा है कि वे जिला में ड्रग्स की पूर्ण रूप रोकथाम जरूरी है।

### दिए जरूरी दिशा-निर्देश



उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा है कि जिला में सामाजिक संस्थाओं के सुझावों पर गौर करते हुए जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा ड्रग्स की रोकथाम को लेकर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। सामाजिक संस्थाओं से सुझाव भी आमंत्रित किए जाएंगे कि जिला में किस प्रकार से युवाओं और अन्य लोगों को ड्रग्स के सेवन से बचाया जा सके।



श्री गणेशाय नमः
श्री बालाजी ज्योतिष केन्द्र
म.नं. 232, सैक्टर 14, हिसार
मो. 8571024131, 8708655938
प्यार मोहब्बत, किया/कराया, जादु–टोना, गुप्त दुश्मन, सौतन, नजर दोष, विदेश यात्रा, सास बहु/पति पत्नी में अनबन कारोबार में बरकत ना होना, पशुधन बर्बाद होना, धन की बर्बादी, पढाई में मन न लगना, विवाह में देरी, नौकरी में प्रमोशन
समस्या कैसी भी हो, जड़ से होगी खत्म
जब कभी भी ना बना हो काम
तो होगा गारन्टिड समाधान
पं. तुषार शर्मा
गोल्ड मेडलिस्ट
हर रोज मिलें
सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक





## मदवि क्रिकेट टीम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम (पुरुष) ने नॉर्थ जोन ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई है। खेल निदेशक प्रो. रणदीप राणा ने बताया कि एमडीयू की क्रिकेट टीम (पुरुष) ने नॉर्थ जोन ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मैच में दिल्ली एलपीयू, फगवाड़ा की टीम को हराते हुए फाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मैच में एलपीयू, फगवाड़ा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 110 रन पर आल आउट हो गई। एमडीयू की टीम ने टीम विकेट के नुकसान पर यह स्कोर चेज करते हुए सात विकेट से जीत हासिल की। अब एमडीयू की क्रिकेट टीम का फाइनल में मुकाबला दिल्ली विश्वविद्यालय से होगा। खेल निदेशक प्रो. रणदीप राणा ने फाइनल के लिए क्रिकेट टीम को जीत की बधाई और शुभकामनाएं दी है।

# अरावली जैव विविधता पार्क और संयुक्त वन प्रबंधन सफल परियोजनाओं पर डाला प्रकाश

**मदवि के समाजशास्त्र विभाग में विशेष व्याख्यान का आयोजन**

**स्थायी पर्यावरणीय प्रथाओं को बढ़ावा देने में प्रयासों पर दिया जोर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में मंगलवार को महत्वपूर्ण सामाजिक-पर्यावरणीय मुद्दों पर विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चौ. चरण सिंह कृषि महाविद्यालय बावल के डॉ. राधेश्याम तथा राजकीय महाविद्यालय गुरुग्राम के डॉ. भूप सिंह ने बतौर रिसोर्स पर्सन इस कार्यक्रम में व्याख्यान दिए। डॉ. राधेश्याम ने पर्यावरण संरक्षण में सामुदायिक भागीदारी विषय पर व्याख्यान में स्थायी पर्यावरणीय प्रथाओं को बढ़ावा देने में जमीनी स्तर के प्रयासों की भूमिका पर जोर



देने की बात कही। उन्होंने जल शक्ति अभियान, करनाल में टिकाऊ खेती, अरावली जैव विविधता पार्क और हरियाणा में संयुक्त वन प्रबंधन (जेएफएम) जैसी सफल परियोजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने समुदाय के नेतृत्व वाले संरक्षण में चुनौतियों की ओर भी ध्यान दिलाया, जिसमें जागरूकता की कमी, वित्तीय बाधाएं और नीतिगत अड़चनें शामिल हैं। उन्होंने दीर्घकालिक पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अधिक समुदाय-सरकार सहयोग की आवश्यकता को रेखांकित किया। डॉ. भूप सिंह ने डॉ. बी.आर. अंबेडकर के जाति के सिद्धांत के अध्ययन और अध्यापन की प्रासंगिकता पर एक व्यावहारिक व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि डा. अंबेडकर के लेखन का अध्ययन करने से जाति-आधारित भेदभाव के ऐतिहासिक, सामाजिक और आर्थिक आयामों को समझने में मदद मिलती है व्याख्यान में अंतरजातीय विवाह, सामाजिक सुधार और शैक्षिक सशक्तिकरण के महत्व पर भी चर्चा की गई, जिसकी वकालत डॉ. अंबेडकर ने जाति-आधारित पदानुक्रम को खत्म करने के लिए की थी। उन्होंने विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं से डॉ. अंबेडकर के काम को न केवल एक शैक्षणिक खोज के रूप में, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और न्याय के एक उपकरण के रूप में शामिल करने का आग्रह करते हुए अपना व्यक्तव्य समाप्त किया। व्याख्यान कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने वक्ताओं से अपने प्रश्नों के उत्तर जाने।

### विद्यार्थियों को किया प्रोत्साहित

समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. देसराज ने इस व्याख्यान कार्यक्रम की अध्यक्षता की। प्रो. देसराज ने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि वास्तविक दुनिया के सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दों को संबोधित करने में अंतःविषय अनुसंधान और शैक्षणिक चर्चाओं के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को एक समतामूलक और टिकाऊ समाज को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान, जागरूकता अभियान और नीति विश्लेषण के माध्यम से सक्रिय रूप से योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. खजान सिंह सांगवान, डॉ. जितेंद्र प्रसाद और डॉ. सुप्रीति समेत विभाग के शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नपा ने गोहाना रोड के पास हडवारे की जमीन से हटवाया अवैध निर्माण

# अवैध कब्जे हटाने गई टीम पर पथराव मकान तोड़ने पर लोगों ने लगाया जाम

*जाम लगा रहे लोगों पर भांजी लाठियां, आरोपितों को थाने ले गई पुलिस*

**मुख्य बातें**

- नगर पालिका अधिकारियों के कहने पर तारबंदी कर रहे ठेकेदार के कर्मचारी को आई चोटें
- ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने महम थाने में दी शिकायत, सरकारी काम में बाधा डालने वालों पर होगी कानूनी कार्रवाई



**महम।** रोड पर पड़े पत्थरों को हटाते पुलिसकर्मी।



**महम।** जेसीबी मशीन से अवैध निर्माण हटवाते नपा अधिकारी व पुलिस।



**महम।** अवैध कब्जा हटाने से गुस्साए लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

नया बस स्टैंड के सामने गोहाना रोड के साथ लगते क्षेत्र में नगर पालिका की हडवारे की जमीन है। पहले नगर पालिका इस जमीन पर मृत पशुओं को डालती थी। लेकिन अब इस जमीन पर कई लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा था। कोर्ट के आदेश पर मंगलवार को नगर पालिका की टीम इन अवैध कब्जों को हटवाने के लिए पहुंची। पंचायत राज विभाग के उपमंडल अभियंता को ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाया गया। नगर पालिका सचिव नवीन नांदल जेसीबी मशीन व अपनी टीम को लेकर दोपहर को अवैध निर्माण गिराने के लिए पहुंचे। पुलिस व ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में अवैध निर्माण गिराए जा रहे थे। तब वहां अवैध कब्जा जमाए बैठे लोगों ने कब्जे हटाने का विरोध किया। एक कब्जाधारी ने तो नगर पालिका की जमीन पर खेत बनाया हुआ था और सब्जियां उगाई हुई थी।

पुलिस ने जाम लगा रहे और सरकारी काम में बाधा डाल रहे लोगों पर लाठियां भांजनी शुरू कर दी। कुछ महिलाओं व पुरूषों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया और उनको थाने ले जाया गया। इस संबंध में ड्यूटी मैजिस्ट्रेट ने महम थाने में एक लिखित शिकायत दी है। जिसमें कहा गया है कि नगर पालिका की जमीन से अवैध कब्जा हटाते समय कुछ लोगों ने सरकारी कर्मचारी व अधिकारियों पर पत्थरबाजी की है तथा गाली गलौच किया है। जिस कारण कब्जा कार्यवाही को बीच में रोकना पड़ा। इसलिए उक्त लोगों की पहचान करके उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। उधर नगर पालिका सचिव नवीन नांदल ने बताया कि यहां पर करीब 6 एकड़ जमीन है, जिसमें से आज करीब दो एकड़ से अवैध कब्जा हटाया गया है।

### करीब 20 लोगों ने बनाई हुई थी झुग्गियां

वहीं करीब 20 लोगों ने मकान और झुग्गी झोंपड़ी बनाई हुई थी। कब्जे हटाने की कार्रवाई से नाराज लोगों ने कब्जा हटाने गई टीम पर पथराव शुरू कर दिया। इस पथराव में नगर पालिका जमीन की तारबंदी में लगा युवक घायल हो गया। घायल हुआ कर्मचारी तारबंदी का काम करने वाले ठेकेदार के पास से हायर किया हुआ था। अवैध कब्जे हटाने से खफा परिवारों ने गोहाना महम मार्ग पर जाम लगा दिया। जिस वजह से लाखन माजरा, भिवानी, महम, चांग और निंदाना व गोहाना जाने वाले वाहन चालक और यात्री जाम में फंस गए। जाम व पत्थरबाजी की सूचना मिलते ही महम थाना प्रभारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए।





**महम।** पत्थरबाजी में घायल हुआ ठेकेदार का कर्मचारी।

## जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में जीवन रक्षक कौशल से पांचवे दिन की शुरुआत




- एनएसएस कैंप के उदार और प्रेरणादायक माहौल को दर्शाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में मंगलवार एनएसएस कैंप का पांचवा दिन रहा। कार्यक्रम की शुरुआत स्वास्थ्य और जीवन रक्षक कौशल पर विशेष सत्र से हुई। कार्यक्रमों में सीखने, बढ़ने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य और जीवन रक्षक कौशल पर केंद्रित दो विशेष सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस क्लैप के द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए हुई। दिन की शुरुआत एनएसएस कैंप के उदार और प्रेरणादायक माहौल को दर्शाते हुए तथा एनएसएस क्लैप के द्वारा हुई। सम्मान समारोह में कैंप के आयोजकों ने दो उपदेशकों पीजीआई रोहतक के डॉ. राजेश धनकर और होली हार्ट अस्पताल रोहतक के राजबीर को सम्मान स्वरूप टोपी, बैज और एक पौधा अर्पित कर सम्मानित किया। और अंत में स्कूल की तरफ से एक स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। इस अवसर पर विद्यालय उप प्राचार्या मिसेज मशेंका, किरण, तरु, विन्नी,रेखा, हर्ष, रुचि, रितु खुराना, रोहित, सुमित, जयदीप, वीरेंद्र, रवनीत, संदीप, कृष्णा, रेशमा, शोभा आदि शिक्षक गण और एनएसएस के स्वयंसेवक मौजूद थे।

### कैंसर के कारण और रोकथाम की जानकारी दी

डॉ. राजेश धनकर ने कैंसर जागरूकता सत्र आयोजित करते हुए कैंसर के कारण, लक्षण और रोकथाम के तरीकों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी, वहीं श्री राजबीर जी ने सीपीआर डेमोंस्ट्रेशन एवं प्रशिक्षण सत्र के माध्यम से जान बचाने वाले कौशल की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्राचार्या डॉ ममता मलिक का मानना है कि राष्ट्रीय सेवा योजना का यह शिविर विद्यार्थियों के समग्र विकास का एक अनमोल अवसर है। इस शिविर के द्वारा न केवल उनके ज्ञान और कौशल में वृद्धि हुई है बल्कि उनमें सामाजिक उत्तरदायित्व, सहयोग और सेवा भावना को भी प्रबल किया है। उनका मानना है कि ऐसे कार्यक्रम से व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है, जिससे भविष्य में देश का विकास सुनिश्चित होता है।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद मीट 2025 का सफल आयोजन



**रोहतक।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने मंगलवार को वार्षिक खेलकूद मीट 2025 सफलतापूर्वक मनाया। निदेशक कुलवंत , माणिक सिक्का और प्रिंसिपल राज यादव ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने प्रेरणादायक भाषण से छात्रों को प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में प्रत्येक छात्र ने भाग लिया। मैदान छात्रों के उत्साह और उमंग से गूंज उठा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## एचडी स्कूल की पूर्व छात्रा कनिका फौगाट को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, यूके से मिली फेलोशिप

- प्राचार्य दुलाल देब, निदेशक सुरेंद्र फौगाट एवं समस्त स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एचडी संस्थान की पूर्व छात्रा कनिका फौगाट ने विश्व में अर्थशास्त्र के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। कनिका ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, यूके-जो अर्थशास्त्र में विश्व स्तर पर दूसरी रैंक प्राप्त संस्थान है-में इकोनॉमिक्स डेवलपमेंट रिसर्चर के रूप में चयनित होकर एक नई उपलब्धि हासिल की है। वह इस प्रतिष्ठित पद के लिए चुनी जाने वाली पहली भारतीय छात्रा बनी है। प्राचार्य दुलाल देब, निदेशक सुरेंद्र फौगाट एवं समस्त स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि यह चयन अर्थशास्त्र में



विकास संबंधी शोध के लिए किया गया है और यह संपूर्ण चयन प्रक्रिया तीन से चार चरणों में संपन्न हुई। छात्रा कनिका फौगाट ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ-साथ विद्यालय के अध्यापकों को भी दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग से ही यह संभव हो पाया। कनिका के इस चयन से एचडी संस्थान में खुशी का माहौल बन गया और यह पल संस्थान के लिए अविस्मरणीय बन गया है।

## समाज में फैली कुरीतियों पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- दयानन्द मठ में विशेष बैठक आयोजित
- 9 मार्च को होगा आर्य महासम्मेलन

आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा दयानन्द मठ द्वारा आर्य महासम्मेलन का 09 मार्च सुबह 9.00 बजे से 1.00 बजे तक पण्डित जगदेव सिंह सिद्धान्ती भवन दयानन्द मठ में होगा। महर्षि देव दयानन्द सरस्वती की 200वीं जन्म जयन्ती हर्षोल्लास के साथ पूरे देश में मनाई जा रही है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा दयानन्दमठ रोहतक के मन्त्री उमेद शर्मा ने मंगलवार को वेदप्रचार मंडल रोहतक के प्रधान, मन्त्री तथा आर्य महानुभावों की एक आवश्यक बैठक दयानन्द मठ रोहतक में बुलाई। जिसमें अनेक आर्यजन उपस्थित हुए। बैठक में समाज में फैली कुरीतियों के विषय में विस्तार से चर्चा की गई। सम्मेलन में आए हुए सभी वेदप्रचार मण्डल के पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि 9 मार्च को आर्य महासम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में आर्यजन पधारेंगे। इस बैठक में सभामन्त्री उमेद शर्मा, सभा कार्यालयाधीक्षक सत्यवान आर्य, सहायक कार्यालयाधीक्षक मनजीत श्योराण, वेदप्रचार मण्डल रोहतक के प्रधान सुभाष सांगवान, मन्त्री राजेश आर्य, आचार्य सन्तराम आर्य, हवासिंह राठी, रामकिशन बाल्याण, होशियारसिंह, रामफलसिंह आदि मौजूद रहे।



**रोहतक।** मीटिंग करते आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा दयानन्द मठ के पदाधिकारी।

**कार्यक्रम** वक्ताओं ने रिसर्च प्रॉब्लम, हाइपोथिसिस, एथिकल इश्यूज तथा रिसर्च प्रपोजल पर अपने विचार दिए

# मालाडिज एंड रेमेडीज पर विशेष व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के स्वराज सदन में फैकल्टी ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज, फैकल्टी ऑफ लाइफ साइंसेज तथा फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग (ईवीएस एंड बायोटेक्नोलॉजी) के नव प्रवेश प्राप्त शोधार्थियों के लिए चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एंड इकोनॉमिक चेंज के तत्वावधान में संचालित शोध प्रविधि कार्यशाला में मंगलवार को दूसरे दिन वक्ताओं ने रिसर्च प्रॉब्लम, हाइपोथिसिस, एथिकल इश्यूज तथा रिसर्च प्रपोजल बारे विशेष व्याख्यान दिए। सुबह के सत्र में एमडीयू के सांख्यिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. एससी मलिक ने- रिसर्च प्राब्लम डिजाइन एंड फार्मूलेशनः ए सिस्टेमेटिक एप्रोच विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। दूसरे सत्र में एम्स, नई दिल्ली के डॉ. विक्रम सैनी ने- हाइपोथिसिस टू थेराप्यूटिक इनसाइट्सः रिसर्च मैथडोलॉजी लेसन फ्रॉम हाइड्रोजन सल्फाइड स्टडीज इन ट्यूबरक्लोसिस विषय पर अपनी बात रखी। तीसरे सत्र में पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के प्रो. बीएस भूप ने ऑनलाइन मोड में एथिकल इश्यूज इन पब्लिशिंग साइंटिफिक रिसर्च फाइंडिंग्सः मालाडिज एंड रेमेडीज विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। चौथे सत्र में जीजेयू विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, हिसार के प्रो. नीरज दिलबागी ने- हाउ टू फोर्मुलेट ए रिसर्च प्रपोजल विषय पर व्याख्यान दिया।





**रोहतक।** कार्यशाला में एमडीयू के सांख्यिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. एससी मलिक का स्वागत करते डीन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो. हरीश दूरेजा ,कार्यशाला कोआर्डिनेटर डॉ. वंदना गर्ग व अन्य प्रोफेसर और कार्यशाला में उपस्थित प्राध्यापक व शोधार्थी ।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान इस कार्यशाला के कंवीनर एवं डीन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो. हरीश दूरेजा, कार्यशाला कोआर्डिनेटर डॉ. वंदना गर्ग, डॉ. रितू गिल, डॉ. मीनू, प्रो. अरूण नंदा, प्रो. सविता राठी, डॉ. अनुराग खटकड़, डॉ. नवीन कुमार समेत फैकल्टी ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज, फैकल्टी ऑफ लाइफ साइंसेज तथा फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग (ईवीएस एंड बायोटेक्नोलॉजी) के प्राध्यापक और नव प्रवेश प्राप्त शोधार्थी उपस्थित रहे।